**SET-2**

**Series GBM**

कोड नं.
Code No. **58/2**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* दोनों खण्डों के ***सभी*** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **16 – 20** अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **6 – 8** और **21 – 23** लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **9 – 11** और **24 – 26** भी लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **12 – 15** और **27 – 30** दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vii)* उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question Nos.* **1 – 5** *and* **16 – 20** *are very short-answer questions carrying* **1** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

*(iv)* *Question Nos.* **6 – 8** *and* **21 – 23** *are short-answer questions carrying* **3** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **60** *words each.*

*(v)* *Question Nos.* **9 – 11** *and* **24 – 26** *are also short-answer questions carrying* **4** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **70** *words each.*

*(vi)* *Question Nos.* **12 – 15** *and* **27 – 30** *are long-answer questions carrying* **6** *marks each. Answers to them should normally not exceed* **100** *words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*


https://www.evidyarthi.in

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** अनधिमान वक्र की परिभाषा दीजिए । *1*

Define indifference curve.

**2.** एक विक्रेता का बाज़ार क़ीमत पर कोई प्रभाव ***नहीं*** होता (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) पूर्ण प्रतियोगिता में

(ब) एकाधिकार में

(स) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में

(द) उपर्युक्त सभी में

A seller ***cannot*** influence the market price under (Choose the correct alternative)

(a) Perfect competition

(b) Monopoly

(c) Monopolistic competition

(d) All of the above

**3.** एक वस्तु की माँग के बारे में कोई भी वक्तव्य पूर्ण माना जाता है जब उसमें निम्नलिखित का ज़िक्र हो (सही विकल्प चुनिए) : *1*

(अ) वस्तु की क़ीमत

(ब) वस्तु की मात्रा

(स) समय अवधि

(द) उपर्युक्त सभी

Any statement about demand for a good is considered complete only when the following is/are mentioned in it (Choose the correct alternative) :

(a) Price of the good

(b) Quantity of the good

(c) Period of time

(d) All of the above



https://www.evidyarthi.in

**4.** एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता की कोई एक विशेषता बताइए । *1*

State any one feature of monopolistic competition.

**5.** व्यय विधि द्वारा एक वस्तु की माँग को बेलोच उस स्थिति में कहा जाता है जब यदि (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) वस्तु की क़ीमत गिरती है, तो इस पर व्यय बढ़ता है

(ब) वस्तु की क़ीमत गिरती है, तो इस पर व्यय घटता है

(स) वस्तु की क़ीमत गिरती है, तो इस पर व्यय वही रहता है

(द) वस्तु की क़ीमत बढ़ती है, तो इस पर व्यय घटता है

Demand for a good is termed inelastic through the expenditure approach when if (Choose the correct alternative)

(a) Price of the good falls, expenditure on it rises

(b) Price of the good falls, expenditure on it falls

(c) Price of the good falls, expenditure on it remains unchanged

(d) Price of the good rises, expenditure on it falls

**6.** एक वस्तु की 'माँग में वृद्धि' और 'माँग-मात्रा में वृद्धि' के बीच भेद कीजिए । *3*

**अथवा**

'बजट सैट' और 'बजट रेखा' के अर्थ समझाइए । *3*

Distinguish between 'increase in demand' and 'increase in quantity demanded' of a good.

**OR**

Explain the meaning of 'Budget set' and 'Budget line'.

**7.** "किसके लिए उत्पादन करें" की समस्या की व्याख्या कीजिए । *3*

Explain the problem of "for whom to produce".

**8.** उत्पादन संभावना सीमा का अर्थ और इसकी विशेषताएँ बताइए । *3*

Give the meaning and characteristics of production possibility frontier.



https://www.evidyarthi.in

9. बाज़ार पूर्ति की परिभाषा दीजिए । 'आगतों की क़ीमत' कारक की व्याख्या कीजिए जिसके कारण पूर्ति में परिवर्तन हो सकते हैं । *4*

**अथवा**

जब केवल एक आगत की इकाइयों की मात्रा बढ़ाई जाती है और अन्य आगतों को स्थिर रखा जाता है, तो सीमांत उत्पाद और कुल उत्पाद का क्या व्यवहार होगा ? बताइए । *4*

Define market supply. Explain the factor 'input prices' that can cause a change in supply.

**OR**

Give the behaviour of marginal product and total product as more and more units of only one input are employed while keeping other inputs as constant.

10. पूर्ण प्रतियोगिता की "बाज़ार के बारे में पूर्ण ज्ञान" विशेषता की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain "perfect knowledge about the markets" feature of perfect competition.

11. एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से ह्रासमान सीमांत प्रतिस्थापन दर का अर्थ समझाइए । *4*

Explain with the help of a numerical example, the meaning of diminishing marginal rate of substitution.

12. पूर्ण अल्पाधिकार और अपूर्ण अल्पाधिकार के बीच अंतर बताइए । अल्पाधिकार की "फर्मों के बीच परस्पर निर्भरता" विशेषता की व्याख्या भी कीजिए । *6*

**अथवा**

एक तालिका की सहायता से माँग आधिक्य और पूर्ति आधिक्य के अर्थ समझाइए । इनके संतुलन क़ीमत पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए । *6*

Distinguish between perfect oligopoly and imperfect oligopoly. Also explain the "interdependence between the firms" feature of oligopoly.

**OR**

Explain the meaning of excess demand and excess supply with the help of a schedule. Explain their effect on equilibrium price.


https://www.evidyarthi.in

**13.** निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए : *6*

| उत्पादन (इकाइयाँ) | कुल लागत (₹) | औसत परिवर्ती लागत (₹) | सीमांत लागत (₹) | औसत स्थिर लागत (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 30 | | | |
| 1 | .... | .... | 25 | 30 |
| 2 | 78 | .... | .... | .... |
| 3 | .... | 23 | .... | 10 |
| 4 | .... | .... | 23 | .... |
| 5 | 150 | .... | .... | 6 |

Complete the following table :

| Output (units) | Total Cost (₹) | Average Variable Cost (₹) | Marginal Cost (₹) | Average Fixed Cost (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 0 | 30 | | | |
| 1 | .... | .... | 25 | 30 |
| 2 | 78 | .... | .... | .... |
| 3 | .... | 23 | .... | 10 |
| 4 | .... | .... | 23 | .... |
| 5 | 150 | .... | .... | 6 |


https://www.evidyarthi.in

**14.** निम्नलिखित तालिका से उत्पादन का वह स्तर ज्ञात कीजिए जिस पर उत्पादक संतुलन में होगा (सीमांत लागत और सीमांत संप्राप्ति विधि का प्रयोग कीजिए) । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । *6*

| उत्पादन (इकाइयाँ) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल संप्राप्ति (आगम) (₹) | 16 | 30 | 42 | 52 | 60 |
| कुल लागत (₹) | 14 | 27 | 39 | 49 | 61 |

From the following table find out the level of output at which the producer will be in equilibrium (use marginal cost and marginal revenue approach). Give reasons for your answer.

| Output (units) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Revenue (₹) | 16 | 30 | 42 | 52 | 60 |
| Total Cost (₹) | 14 | 27 | 39 | 49 | 61 |

**15.** जब एक वस्तु की क़ीमत ₹ 10 प्रति इकाई से बढ़कर ₹ 12 प्रति इकाई होती है, तो इसकी माँग-मात्रा 20 प्रतिशत कम हो जाती है । इसकी माँग की क़ीमत लोच का परिकलन कीजिए । यदि इसकी क़ीमत ₹ 10 प्रति इकाई से बढ़कर ₹ 13 प्रति इकाई हो जाए, तो इसकी माँग-मात्रा में कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा ? *6*

When the price of a good rises from ₹ 10 per unit to ₹ 12 per unit, its quantity demanded falls by 20 percent. Calculate its price elasticity of demand. How much would be the percentage change in its quantity demanded, if the price rises from ₹ 10 per unit to ₹ 13 per unit ?


https://www.evidyarthi.in

## खण्ड ब
## SECTION B

**16.** सीमांत उपभोग प्रवृत्ति की परिभाषा दीजिए । *1*

Define marginal propensity to consume.

**17.** सरकारी बजट की परिभाषा दीजिए । *1*

Define Government budget.

**18.** देशीय मुद्रा के मूल्यह्रास का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by depreciation of domestic currency ?

**19.** माँग जमाओं में शामिल हैं (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) बचत खाता जमाएँ और सावधि जमाएँ

(ब) बचत खाता जमाएँ और चालू खाता जमाएँ

(स) चालू खाता जमाएँ और सावधि जमाएँ

(द) सभी प्रकार की जमाएँ

Demand deposits include (Choose the correct alternative)

(a) Saving account deposits and fixed deposits

(b) Saving account deposits and current account deposits

(c) Current account deposits and fixed deposits

(d) All types of deposits

**20.** यदि सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति सीमांत बचत प्रवृत्ति से अधिक है, तो गुणक का मूल्य (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) 2 से अधिक होगा

(ब) 2 से कम होगा

(स) 2 के बराबर होगा

(द) 5 के बराबर होगा

If the marginal propensity to consume is greater than marginal propensity to save, the value of the multiplier will be (Choose the correct alternative)

(a) greater than 2

(b) less than 2

(c) equal to 2

(d) equal to 5



https://www.evidyarthi.in

**21.** आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या कीजिए । *3*

Explain the circular flow of income.

**22.** प्रत्यक्ष करों और अप्रत्यक्ष करों में भेद कीजिए । प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए । *3*

Distinguish between direct taxes and indirect taxes. Give an example of each.

**23.** वस्तु विनिमय प्रणाली के अन्तर्गत आने वाली "सम्पत्ति संचय करने में कठिनाई" समस्या को समझाइए । *3*

**अथवा**

मुद्रा के "विनिमय का माध्यम" कार्य समझाइए । *3*

Explain "difficulty in storing wealth" problem faced in the barter system of exchange.

**OR**

Explain the "medium of exchange" function of money.

**24.** अर्थव्यवस्था में आर्थिक स्थिरता लाने में सरकारी बजट कैसे सहायक हो सकता है ? समझाइए । *4*

Explain how government budget can be helpful in bringing economic stabilization in the economy.

**25.** केन्द्रीय बैंक के "बैकों का बैंक" कार्य की व्याख्या कीजिए । *4*

**अथवा**

वाणिज्यिक बैंकों द्वारा साख निर्माण की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the "bankers' bank" function of the central bank.

**OR**

Explain the process of credit creation by commercial banks.


https://www.evidyarthi.in

**26.** एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है । निम्नलिखित आँकड़ों से सीमांत बचत प्रवृत्ति का परिकलन कीजिए : *4*

(अ) आय = 10,000

(ब) स्वायत्त उपभोग = 500

(स) उपभोग व्यय = 8,000

An economy is in equilibrium. From the following data, calculate the marginal propensity to save :

(a) Income = 10,000

(b) Autonomous consumption = 500

(c) Consumption expenditure = 8,000

**27.** दिए गए उपभोग वक्र से बचत वक्र प्राप्त करने हेतु लिए जाने वाले कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । *6*

Given a consumption curve, outline the steps required to be taken in deriving a saving curve from it. Use diagram.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 27 के स्थान पर है ।*

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 27.*

राष्ट्रीय आय संतुलन की दो वैकल्पिक शर्तें बताइए । यदि अर्थव्यवस्था संतुलन में न हो, तो क्या होने की संभावना होती है ? समझाइए । *6*

Give two alternative conditions of national income equilibrium. Explain what is likely to happen, if the economy is not in equilibrium.



https://www.evidyarthi.in

**28.** मूल्य वृद्धि विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की व्याख्या कीजिए । *6*

**अथवा**

क्या निम्नलिखित को भारत की राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाएगा ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । *6*

(अ) बाढ़ पीड़ितों को वित्तीय सहायता

(ब) भारत में विदेशी बैंक की शाखाओं द्वारा अर्जित लाभ

(स) भारत में अमरीकी दूतावास में कार्यरत भारतीयों का वेतन

Explain the precautions that are taken while estimating national income by value added method.

**OR**

Will the following be included in the national income of India ? Give reasons for your answer.

(a) Financial assistance to flood victims

(b) Profits earned by the branches of a foreign bank in India

(c) Salaries of Indians working in the American Embassy in India

**29.** (अ) बाज़ार मूल्य पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद, तथा (ब) सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए : *6*

| | | *(₹ करोड़ों में)* |
|---|---|---|
| (i) | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 8,000 |
| (ii) | मूल्यह्रास | 200 |
| (iii) | लाभ | 1,000 |
| (iv) | किराया | 600 |
| (v) | ब्याज | 700 |
| (vi) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 3,000 |
| (vii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 500 |
| (viii) | विदेशों को निवल कारक आय | 60 |
| (ix) | निवल निर्यात | (–) 50 |
| (x) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | 20 |



https://www.evidyarthi.in

Calculate the (a) Net National Product at market price, and (b) Gross National Disposable Income :

| | | *(₹ in crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Mixed income of self-employed | 8,000 |
| (ii) | Depreciation | 200 |
| (iii) | Profit | 1,000 |
| (iv) | Rent | 600 |
| (v) | Interest | 700 |
| (vi) | Compensation of employees | 3,000 |
| (vii) | Net indirect taxes | 500 |
| (viii) | Net factor income to abroad | 60 |
| (ix) | Net exports | (–) 50 |
| (x) | Net current transfers to abroad | 20 |

**30.** भुगतान संतुलन लेखा के (अ) चालू खाता और पूँजीगत खाता के बीच, तथा (ब) स्वतंत्र (स्वायत्त) सौदों और समायोजन हेतु सौदों के बीच भेद कीजिए । *6*

Distinguish (a) between current account and capital account, and (b) between autonomous transactions and accommodating transactions of balance of payments account.



https://www.evidyarthi.in